नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा
Town Official Language Implementation Committee, Noida
(गृह मंत्रालय, भारत सरकार)
Ministry of Home Affairs, Govt. of India
सचिवालय : भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
Secretariat : Inland Waterways Authority of India

ए–13, सैक्टर–1, नौएडा–201 301, दूरभाष : 0120–2521724, फैक्स : 0120–2543973, ई–मेल : iwainoi@nic.in

सं0–न0रा0का0स0 / भा0अ0ज0प्रा0 / हि / 01 / 2008 पार्ट– I दिनांक **13.08.2014**

सेवा में

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा
के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख।

विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के तत्वावधान में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र, प्लॉट नं0–25, सैक्टर–16ए, नौएडा के सौजन्य से दिनांक 25.08.2014 को अपराह्न 2.30 बजे ''चित्र–जोड़ प्रतियोगिता'' का आयोजन।

मान्यवर महोदय / महोदया,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के तत्वावधान में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र, प्लॉट नं0–25, सैक्टर–16ए, नौएडा के सौजन्य से दिनांक 25.08.2014 को अपराह्न 2.30 बजे **''चित्र–जोड़ प्रतियोगिता''** का आयोजन किया जा रहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रतियोगिता में अपने कार्यालय से **दो प्रतिभागियों** को नामित करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निदेश देने की कृपा करें।

नामित प्रतिभागियों की पुष्टि **श्रीमती दुर्गा पाण्डे, प्रबंधक (राजभाषा), भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र, प्लॉट नं0–25, सैक्टर–16ए, नौएडा को मोबाइल सं0–9818433314 अथवा दूरभाष सं0–0120–2416229, 2416441 अथवा ईमेल : dp@bhelpsnr.co.in** पर **दिनांक 22.08.2014** तक अवश्य कराने का कष्ट करें। सुविधा के लिए प्रतियोगिता से संबंधित नामांकन प्रपत्र और नियम / शर्तें भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड से भेजे गए पत्र के साथ संलग्न हैं।

भवदीय

अजय कुमार

(अजय कुमार)
हिन्दी अधिकारी एवं सदस्य सचिव

संलग्न–यथोक्त।

प्रतिलिपि :–

1. अध्यक्ष, न.रा.का.स., नौएडा के निजी सचिव, सूचनार्थ।
2. श्रीमती दुर्गा पाण्डे, प्रबंधक (राजभाषा), भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र, प्लॉट नं0–25, सैक्टर–16ए, नौएडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
3. उपनिदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर), 302,सी0जी0ओ0 भवन–1, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद – 201002
4.. कार्यालय प्रति 5. मास्टर प्रति।

जारी/Issued
दिनांक/Date 14/8/14

बी एच ई एल
BHEL
Maharatna Company
Golden Jubilee 1964 - 2014
50 Years

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED

(A Govt. of India Undertaking)
पावर सेक्टर-उत्तरी क्षेत्र, नोएडा Power Sector-Northern Region, NOIDA

सेवा में
श्री अजय कुमार
सदस्य सचिव, नराकास
भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण
ए-13, सेक्टर-1, नोएडा

सं. पीएसएनआर/राभावि/01/14	दिनांक : 12/08/2014

विषय: <u>नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नोएडा के तत्वावधान में चित्र-जोड़ प्रतियोगिता का आयोजन</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नोएडा के तत्वावधान में दिनांक 25/08/2014 को 2:30 बजे अपराह्न बीएचईएल, पावर सेक्टर-उत्तरी क्षेत्र द्वारा **"चित्र-जोड़ प्रतियोगिता"** का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में नराकास,नोएडा के प्रत्येक सदस्य कार्यालय से दो सदस्यों की एक टीम आमंत्रित की है। प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कृपया सभी सदस्य कार्यालयों को सूचित करने तथा प्रतियोगिता हेतु नामांकन दिनांक 22/08/2014 तक दुर्गा पाण्डे, प्रबंधक(राजभाषा), बीएचईएल, पावर सेक्टर-उत्तरी क्षेत्र को दूरभाष सं. 0120-2416229/ 2416441/ 9818433314(मो.) अथवा dp@bhelpsnr.co.in पर प्रेषित करवाने की कृपा करें।

आपके सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा में।

सादर,

(दुर्गा पाण्डे)
प्रबंधक(राजभाषा)

Website : www.bhelpsnr.co.in दूरभाष / Telephone : 120-241390 ,फैक्स / Fax:120-2416525
मा.सं.वि.सं.एवं पा.से.-उ.क्षे.परिसर प्लॉट नं.25, सेक्टर-16ए, पोस्ट बॉक्स सं. 55, नोएडा-201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.)
HRDI & PSNR Complex, Plot No.25, Sector-16A, P.B. No.55, NOIDA-201301, Distt.Gautam Budh Ngr.(UP)
पंजीकृत कार्यालय-बीएचईएल हाउस, सिरी फोर्ट,नई दिल्ली-110049 Regd.Office: BHEL House, Siri Fort, N. Delhi 110049

अनुलग्नक - क

नियम/शर्तें

1. इस प्रतियोगिता में केवल नराकास, नोएडा के सदस्य कार्यालय ही भाग ले सकते हैं।
2. प्रत्येक कार्यालय से दो सदस्यों की एक टीम आमंत्रित की जाएगी।
3. प्रतियोगिता दो चरणों में होगी।
4. प्रतियोगिता स्थल पर ही विषय दिया जाएगा जिस के आधार पर दोनों सदस्य अपनी कल्पनानुसार चित्र बनाएंगे।
5. प्रतियोगिता के प्रथम चरण में टीम के दोनों सदस्य अलग-अलग बैठेंगे।
6. प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में टीम के दोनों सदस्य एक साथ बैठेंगे।
7. इस चरण में प्रत्येक टीम को एक खाली पट्टी (ब्लैंक स्ट्रिप) दी जाएगी। चित्रों को बिना बिगाड़े उस स्ट्रिप को दोनों चित्रों के बीच इस प्रकार चित्रित करना होगा कि दोनों चित्र एक (Merge) हो जाएं।
8. प्रतियोगिता का प्रथम चक्र 45 मिनट तथा द्वितीय चक्र 30 मिनट का होगा।
9. प्रतियोगिता में उपयोग होने वाली सभी आवश्यक स्टेशनरी पावर सेक्टर-उत्तरी क्षेत्र द्वारा प्रदान की जाएगी।
10. इस प्रतियोगिता में हिंदी प्रभाग/अनुभाग और पूर्णतः हिंदी के लिए नियुक्त किए गए अधिकारी/कर्मचारी भाग नहीं ले सकते।
11. प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व पहुँचना होगा।
12. निर्णायकों का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।
13. प्रतिभागियों को अपने नामांकन पत्र की प्रति साथ लानी होगी।

पुरस्कार :	**प्रथम पुरस्कार**	**रु. 2500/- शील्ड तथा प्रमाण पत्र**
	द्वितीय पुरस्कार	**रु. 2000/- शील्ड तथा प्रमाण पत्र**
	तृतीय पुरस्कार	**रु. 1500/- शील्ड तथा प्रमाण पत्र**
	प्रशंसा पुरस्कार(02)	**रु. 2000/- (1000x2=2000) शील्ड तथा प्रमाण पत्र**

नोट: उपर्युक्त पुरस्कार नराकास की आगामी बैठक में प्रदान किए जाएंगे।

नामांकन–प्रपत्र

सेवा में

श्रीमती दुर्गा पाण्डे, प्रबंधक (राजभाषा),
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड,
पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र,
प्लॉट नं0–25, सैक्टर–16ए, नौएडा

विषय– नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के तत्वावधान में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, पावर सेक्टर–उत्तरी क्षेत्र, प्लॉट नं0–25, सैक्टर–16ए, नौएडा के सौजन्य से दिनांक 25.08.2014 को अपराह्न 2.30 बजे ''चित्र–जोड़ प्रतियोगिता'' का आयोजन।

महोदया,

हम अपने कार्यालय से प्रतिभागी के रूप में निम्नलिखित को नामांकित कर रहे हैं :–

1. प्रतिभागी का नाम व पदनाम : ....
   : ....
2. प्रतिभागी का दूरभाष (मो0) : ....
3. कार्यालय का नाम : ....
4. कार्यालय प्रमुख का नाम : ....
5. कार्यालय का फोन नं0 / फैक्सः ....
6. दिनांक : ....

....

कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर व मोहर